हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 6 दिसंबर 2025

12 सेवा, संस्कार व जनसेवा की भावना से लोगों की सेवा कर...



12 वीर सैनिकों की बहादुरी और बलिदान के कारण ही...



## खबर संक्षेप

### दो लाख की हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरा डबवाली शहर के सुंदर नगर क्षेत्र से एक नशा तस्कर को करीब दो लाख रुपये की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एएनसी स्टाफ प्रभारी रणजोध सिंह ने बताया कि पकड़े गए तस्कर की पहचान फिरोजपुर पंजाब निवासी मंगल सिंह के रूप में हुई जो कि डबवाली शहर में रह रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान चौटाला रोड क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सुंदर नगर की तरफ से एक युवक आता दिखाई दिया जो कि सामने पुलिस टीम को देखकर वापस मुडक़र भागने की कोशिश करने लगा।

### दुकान से दिनदहाड़े दो लाख रुपये चोरी

**सिरसा।** शहर के परशुराम चौक के समीप स्थित एक टायर दुकान से बीते दिवस करीब 2 लाख रुपए की नकदी चोरी हो गई। दुकान संचालक संदीप ने बताया कि वह सुबह करीब 11 बजे घर से 2 लाख रुपए लेकर दुकान पहुंचा था और गल्ले में रकम रख दी थी। करीब 15-20 मिनट बाद वह लघुशंका करने चला गया। इसी दौरान अज्ञात दुकान में घुसे और गल्ले को तोडक़र नकदी लेकर फरार हो गए। संदीप के अनुसार वह मात्र पांच मिनट में वापस लौट आया, लेकिन तब तक चोर वारदात को अंजाम देकर निकल चुके थे।

### हेरोइन बरामदगी मामले में महिला गिरफ्तार

**डबवाली।** रोड़ी थाना पुलिस ने 15 ग्राम हैरोइन बरामदगी मामले में संलिप्त महिला को रोड़ी क्षेत्र से काबू किया है। गौरतलब है कि बीती 28 नंबवर को सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम ने नहर पुल सुरतिया रोड रोड़ी क्षेत्र से बाइक सवार रोड़ी निवासी एक युवक को 15 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार कर आरोपी के खिलाफ थाना रोड़ी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच रोड़ी थाना पुलिस को सौंपी गई थी।

### चोरी का आरोपी वारंट पर किया गिरफ्तार

**डबवाली।** शहर थाना डबवाली पुलिस ने शहर में उत्तम वेल्डिंग सैट फैक्टरी में हुई तांबे के तार चोरी की वारदात में संलिप्त आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान कुश पुत्र पारस राम निवासी मंडी डबवाली रूप में हुई है। शहर थाना डबवाली प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि अमित सोनी ने शिकायत दी कि 9 अक्तूबर की रात वह अंडरब्रिज के पास अपनी फैक्ट्री उत्तम वेल्डिंग सैट को ताला लगाकर घर चला गया। देखा तो अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उसने फैक्टरी मे लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो वारदात की रात एक नकाबपोश व्यक्ति ने फैक्ट्री में घुसकर उसकी दुकान से तांबे की तार के गट्टे चोरी कर लिए। अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

## भट्टू पंचायत समिति चेयरपर्सन के खिलाफ खोला मोर्चा

# चेयरपर्सन पर विकास कार्यों में लगाया मनमानी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीसी से मिलने पहुंचे भट्टू पंचायत समिति के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

भट्टूकलां पंचायत समिति में चेयरपर्सन और सदस्यों के बीच विकास कार्यों को लेकर विवाद बढ़ गया है। चेयरपर्सन द्वारा भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक दुड़ाराम पर विकास कार्यों में अडंगा डालने के लगाए गए आरोपों के बाद अब पूर्व विधायक समर्थक सदस्यों ने चेयरपर्सन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इस मामले में पंचायत समिति के अनेक सदस्य वाइस चेयरमैन बंसीलाल भिगासरा के नेतृत्व में शुक्रवार को डीसी से मिले और ज्ञापन सौंपा। इन सदस्यों ने चेयरपर्सन पर विकास कार्यों में मनमानी का आरोप लगाते हुए प्रशासन से हस्तक्षेप करने और विकास कार्यों को शुरू करवाने की मांग की। डीसी से मिलने आए पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन बंसीलाल भीगासरा व अन्य सदस्यों ने चेयरपर्सन पर विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि 19 दिसंबर 2023 के प्रस्ताव पास हुए और वर्क आर्डर भी हुए लेकिन चेयरपर्सन ने भेदभाव करते हुए इन कार्यों को अभी तक होने नहीं दिया। उसके बाद 6 अगस्त 2024 को पंचायत समिति की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में भी सदस्यों से अपने गांवों के विकास कार्य लिखवाए गए। जो कार्य सर्वसहमति से पास किए गए थे, उन्हें नकारते हुए चेयरपर्सन ने मनमानी की और समिति की बिना समिति के राशि को 4 गांवों की पंचायतों में खातों में डाल दिया। सदस्यों ने कहा कि इसके बाद जब उन्होंने चेयरपर्सन से विकास कार्यों को लेकर बात की तो चेयरपर्सन ने उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर दबाव बनाकर रोक दिया गया। सदस्यों ने आरोप लगाया है कि चेयरपर्सन ने वाइस चेयरमैन बंसी लाल पर भी झूठा मामला दर्ज करवा दिया। शिकायत में कहा गया है कि समिति सदस्यों ने 4 अगस्त 2025 को बीडीपीओ भट्टू को पिछले विकास कार्यों को चालू करवाने के लिए लिखित में पत्र सौंपा तो बीडीपीओ ने उन कार्यों का एस्टीमेट बनाकर बजट के हिसाब से वर्क आर्डर जारी किए लेकिन चेयरपर्सन कमीशन के कारण उन विकास कार्यों को नहीं होने दे रही है। सदस्यों ने कहा कि अधिकारी विकास कार्य करवाना चाहते हैं लेकिन उन्हें भी बेवजह परेशान किया जा रहा है। समिति सदस्यों ने डीसी से मांग की कि वह पूरे मामले की जांच करवा कर विकास कार्य जल्द शुरू करवाएं, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।

### पूर्व विधायक पर यह लगाए थे आरोप

चेयरपर्सन ज्योति लूणा ने आरोप लगाए थे कि पिछले डेढ़ साल से काम नहीं हो रहे हैं। बार-बार चक्कर लगा रहे हैं। प्रशासन सहयोग नहीं कर रहा है। डीसी ने आश्वासन दिया है कि दो दिन में काम शुरू करवाएंगे। ज्योति ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक दुड़ाराम बोल रहे हैं कि हमने इनको हरवाया है। अगर जीतता तो मंत्री बनता। चेयरपर्सन प्रतिनिधि प्रवीण लूणा ने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक दुड़ाराम जान-बूझकर काम नहीं होने दे रहे हैं। जब से हम चेयरपर्सन बने हैं, तब से पूर्व विधायक ने हमें रबड़ स्टैंप बनाने का काम किया है। उन्होंने वाइस चेयरमैन को बराबर कुर्सी लगाकर बिठा दिया। एससी कैटेगरी के चेयरमैनों के साथ वह ऐसा ही कर रहे हैं। पंचायत समिति चेयरपर्सन ज्योति लूणा ने चेतावनी दी थी कि अगर दो दिन में उनके काम शुरू नहीं हुए तो वह सोमवार से भट्टू पंचायत समिति कार्यालय पर ताला जडक़र बच्चों व समिति सदस्यों के साथ आमरण अनशन पर बैठेंगी।

## पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देकर खुलवाया जाम

# पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रानियां



**रानियां।** पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट ग्रामीण सडक़ जाम कर रोष जाहिर करते।

क्षेत्र के गांव संतावाली में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक द्वारा जहरीला पदार्थ निगलकर सुसाइड करने के मामले में पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर शुक्रवार को शव सडक़ पर रखकर स्टेट हाइवे जाम कर दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष जाहिर किया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए और परिजनों को आश्वासन देकर जाम खुलवाया। जानकारी के अनुसार संदीप पुत्र बृजलाल गांव करीवाला में पेस्टिसाइड की दुकान पर मुनीम का कार्य करता था। बीती दो दिसम्बर को संदीप अपनी रिश्तेदारी में शादी में गया हुआ था। इसी दिन संदीप के पास महेंद्र नामक व्यक्ति का फोन आया, जो कि उसी के साथ काम करता है। इस दौरान किसी अज्ञात मामले को लेकर संदीप भयभीत हो गया इसलिए आशंका जताई जा रही है कि संदीप ने जहरीला पदार्थ निगल लिया जिससे उसकी हालत खराब हो गई। इस घटना की शिकायत परिजनों ने पुलिस चौकी जीवन नगर में शिकायत दर्ज करवाई। परिजनों का आरोप है कि शिकायत देने के बावजूद पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की, बल्कि उन्हें गुमराह करते हुए टालमटोल किया गया। शिकायत पर कार्रवाई न होने से गुस्साए परिजनों ने ग्रामीणों के साथ स्टेट हाईवे जाम कर दिया।

### यह है आरोप

जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और धरने पर बैठे लोगों से बातचीत की। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने। बाद में गांव के सरपंच ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाया बुझाया। थाना प्रभारी के आश्वासन पर जाम खोला गया। परिजनों का आरोप है कि इस मामले में पुलिस ने संतोषजनक कार्रवाई नहीं की है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि दो दिन में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो वे दोबारा सडक़ जाम कर देंगे।

## सांसद सैलजा ने लोकसभा में उठाया घग्गर नदी में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज. सिरसा। सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने लोकसभा में शुक्रवार को घग्घर नदी में बढ़ते प्रदूषण और इसके कारण तेजी से बढ़ रहे कैंसर, लीवर, किडनी रोग पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए मांग की कि इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाए और समय समय पर जल की गुणवत्ता की जांच करवाते हुए प्रभावित जिलों में भाखड़ा नहर का पानी उपलब्ध करवाया जाए। सांसद कुमारी सैलजा ने शुक्रवार को लोकसभा में घग्गर नदी के बढ़ते प्रदूषण और इससे प्रभावित हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला जिलों के लाखों लोगों के सामने खड़ी गंभीर स्वास्थ्य आपदा का मुद्दा उठाया। सांसद ने कहा कि घग्गर नदी के जल में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के वर्ष 2023 के जल परीक्षण के अनुसार हरियाणा में टीडीएस 198 से 1068 एमजी/लीटर, पंजाब में टीडीएस 248 से 2010 एमजी /लीटर है। ये स्तर पीने योग्य तो दूर, सिंचाई के लिए भी पूरी तरह असुरक्षित हैं। इतना ही नहीं प्रभावित जिले और गांवों में कैंसर और हेपेटाइटिस-सी का तेजी से बढना गंभीर चिंता का विषय है। घग्गर नदी के किनारे बसे कई गांवों में कैंसर, हेपेटाइटिस-सी, त्वचा रोग, किडनी रोग, तथा पाचन संबंधी गंभीर बीमारियों में चिंताजनक वृद्धि दर्ज की जा रही है। सांसद ने कहा कि सिरसा जिला में घग्गर नदी 169 किलोमीटर बहती है। इन गांवों में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। ओटू, रोड़ी, कुत्ताबढ़ और ऐलनाबाद क्षेत्र के कई गांव शामिल है। प्रदूषित घग्गर का पानी न ता पीने योग्य है और न ही इसे सिंचाई योग्य माना जाता है क्योंकि भाखड़ा नहर का पेयजल आज तक उपलब्ध न होना, जिससे ग्रामीणों को भू-जल या नदी के आसपास के प्रदूषित जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। भू-जल में भारी धातुएं और रसायन पाए जाने के कारण कैंसर व लीवर रोगों में लगातार वृद्धि हो रही है।

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन : पुलिस ने झुग्गियों और घरों में की छापेमारी

- डॉग स्क्वाड व कमांडो टीम के साथ शहर क्षेत्र में विशेष तलाशी अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** झुग्गियों में सर्च अभियान चलाती पुलिस टीम।

ऑपरेशन हॉटस्पॉट डॉमिनेशन के तहत फतेहाबाद पुलिस ने आज शहर में नशा तस्करी और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से व्यापक तलाशी अभियान चलाया। इस अभियान में पुलिस का मुख्य फोकस खैराती खेड़ा रोड स्थित घरों और झुग्गियों में नशीले पदार्थों की पकड़ पर रहा। विशेष अभियान का नेतृत्व थाना बस अड्डा चौकी प्रभारी पीएसआई सुमित ने किया। शुक्रवार तडक़े सुबह पुलिस टीम ने डॉग स्क्वाड व कमांडो यूनिट के साथ खैराती खेड़ा रोड की झुग्गियों और आसपास स्थित घरों को चिह्नित कर रेड की। टीम ने संकरी गलियों, अस्थायी झोंपडिय़ों, खाली प्लॉटों और सडक़ किनारे बनी झुग्गियों में गहन तलाशी ली तथा विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर सघन जांच-पड़ताल की। तलाशी के दौरान पुलिस ने घर-घर जाकर संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की और मौके पर मौजूद दोपहिया व चारपहिया वाहनों की भी विस्तृत जांच की। कुछ व्यक्तियों की गतिविधियाँ संदिग्ध पाए जाने पर उनसे गहन पूछताछ की गई।

### हत्या आरोपी सहित नौ लोग गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने हॉट स्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सिरसा जिले क्षेत्र से नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हेरोइन, नशीली गोलियां, अवैध पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस नें 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' अभियान चलाकर शहर व गांवों के करीब 89 जगहों पर दबिश देकर अपराधियों के खिलाफ चार मामले दर्ज कर हत्या आरोपी सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि जिला एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने शहर सिरसा की परमार्थ कॉलोनी क्षेत्र से ओमप्रकाश उर्फ धौलू को काबू कर उसके कब्जे से हजारों रुपए की दस ग्राम हेरोइन बरामद की है। इसके अलावा एबीवीटी स्टाफ की टीम ने नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र के गांव नीमला में वाटर वर्क्स के नजदीक से दो युवकों को हेरोइन सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रूपेश कुमार व विक्रम सिंह के कब्जे से 14 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा सीआईए सिरसा पुलिस ने गांव झोरडनाली क्षेत्र से हरवंश लाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 बोर का अवैध पिस्तौल व तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

## मांगों को लेकर चिकित्सक हो रहे लामबंद

# कल छुट्टी, सोमवार व मंगलवार को हड़ताल के चलते सरकारी अस्पतालों में ओपीडी रहेगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

### इमरजेंसी वार्ड भी में डयूटी नहीं करेंगे

सरकार एसएमओं के पद पर सीधी भर्ती कर रही है। इसका विरोध जारी है और 8 व 9 दिसंबर को चिकित्सक पूरी तरह से हड़ताल पर रहेंगे। चिकित्सक इमरजेंसी वार्ड भी में डयूटी नहीं करेंगे। डॉ. भरत सहारण, जिला प्रधान

### सब सेंटरों से सूची मांगी

जिले के नागरिक अस्पताल, सब नागरिक अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अलावा सब सेंटरों से सूची मांगी गई है। इनके यहां कितने चिकित्सक हड़ताल पर जा सकते हैं। आपातकालीन सेवाओं को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। डॉ. बुधराम, सिविल सर्जन

सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर 8 व 9 दिसंबर को हड़ताल रखेंगे। इस दौरान सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों और उपस्वास्थ्य केन्द्रों में ओपीडी बंद रहेगी। यहां तक कि इमरजेंसी में भी चिकित्सक ड्यूटी पर नहीं आएंगे। चिकित्सकों की यूनियन का कहना है कि इस दिन पोस्टमार्टम भी नहीं किया जाएगा। हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज के आह्वान पर होने वाली इस हड़ताल के कारण जिलेभर के स्वास्थ्य केंद्रों में सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। नागरिक अस्पताल में 6 से 7 विशेषज्ञों की ओपीडी है। हालांकि बाल रोग और महिला रोग विशेषज्ञ की ओपीडी जारी रह सकती है। वजह यह है कि यहां पर एनएचएम के तहत विशेषज्ञ तैनात हैं। इसके अलावा नेत्र रोग, ईनएटी, मनोरोग, हड्डी रोग, सर्जन, चर्म रोग विशेषज्ञों की ओपीडी बंद रह सकती है। डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि सरकार पिछले एक वर्ष से कई वादे कर रही है, लेकिन उनमें से कोई भी पूरा नहीं हुआ। बैठक में सदस्यों ने सरकार की असंवेदनशील और लापरवाह कार्यशैली की कड़ी आलोचना की। डॉक्टरों के अनुसार, पिछले वर्ष सरकार ने आश्वासन दिया था कि डायरेक्ट एसएमओ भर्ती बंद की जाएगी और एसएमओ पद केवल प्रमोशन से ही भरे जाएंगे। सर्विस रूल्स में संशोधन को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन न नियम बदले गए और न ही भर्ती प्रक्रिया में सुधार हुआ।





# अगले साल आएगा धुरंधर का सेकंड पार्ट रिवेंज

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर'शुक्रवार को रिलीज हुई। फिल्म को दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। लेकिन, फिल्म के अंत में दर्शकों को एक बड़ा सरप्राइज भी मिला है। मेकर्स ने धुरंधर के अंत में ही इसके सेकंड पार्ट की घोषणा भी कर दी है। धुरंधर की सीक्वल फिल्म रिवेंज नाम से अगले साल 19 मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। अब देखना ये है कि सेकंड पार्ट में फिल्म की कहानी किस तरह से आगे बढ़ती है। साथ ही फिल्म की कास्ट में क्या बदलाव आते हैं। रिलीज के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। अधिकांश दर्शकों को फिल्म के सभी कलाकारों का काम पसंद आ रहा है। हालांकि, अक्षय खन्ना फिल्म की बाकी कास्ट पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। जबकि, रणवीर सिंह के अभिनय की भी काफी तारीफ हो रही है। लेकिन 3 घंटे से भी अधिक फिल्म की अवधि दर्शकों को अखर रही है। जिसकी वजह से कई लोग फिल्म को बोझिल बोल रहे हैं।

## लाइफ Style

# ऐश्वर्या
## रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर छाईं

ऐश्वर्या राय बच्चन रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 की ओपनिंग सेरेमनी में शामिल हुईं। यहां उन्होंने अपने लुक और स्टाइल से लाइमलाइट लूटी। इस स्टार-स्टड इवेंट की प्रेस कांफ्रेंस में ऐश्वर्या ब्लैक गाउन में नजर आईं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रेड कार्पेट इवेंट के दौरान भी वह अपने लुक से छा गईं। इस दौरान 'फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे' फेम एक्ट्रेस डकोटा जॉनसन के साथ उनकी बॉन्डिंग जबर्दस्त दिखी। रेड सी फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर ऐश्वर्या राय ने कई विदेशी एक्ट्रेस के साथ शिरकत की और साथ में पोज देती नजर आईं। रेड कार्पेट पर वे ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखीं। सोशल मीडिया पर सभी का लुक वायरल हो रहा है। इस इवेंट से ऐश्वर्या राय का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे डकोटा जॉनसन के साथ नजर आ रही हैं। फेस्टिवल के दौरान दोनों चर्चित अदाकाराएं एक-दूसरे के साथ गर्मजोशी से मिलीं।

डकोटा और ऐश्वर्या को बात करते देख जैसे ही फोटोग्राफर्स वहां इकट्ठे हुए, दोनों एक्ट्रेस ने साथ में स्टाइलिश पोज दिए। ऐश्वर्या और डकोटा का यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यूजर्स कमेंट कर रहे हैं और लिख रहे हैं, 'दो दिग्गज एक्ट्रेस एक फ्रेम में'। बता दें कि रेड सी फिल्म फेस्टिवल 2025 में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले चुनिंदा कलाकारों में शामिल हैं। रेड सी फिल्म फेस्टिवल 13 दिसंबर तक चलेगा। इस वीक इस फेस्टिवल में कृति सेनन भी हिस्सा लेने वाली हैं।




## हॉलीवुड मसाला




# एवेंजर्सः डूम्सडे का ट्रेलर 7 को होगा रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के दुनियाभर के फैंस को 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का इंतजार है। वैसे तो यह फिल्म अगले साल 18 दिसंबर 2026 को रिलीज होने वाली है। लेकिन एमसीयू ने साल भर पहले ही फैंस को इसकी पहली झलक दिखाने का फैसला कर लिया है! एक रिपोर्ट के मुताबिक, एमसीयू इसी हफ्ते 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का ट्रेलर रिलीज करने का फैसला किया है। पहले यह खबर थी कि यह ट्रेलर जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ थिएटर में दिखाया जाएगा। लेकिन, अब 'एवजेंर्सः डूम्सडे' का टीजर 7 दिसंबर को आने की संभावना है। 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की कास्ट में रॉबर्ट डाउनी जूनियर के साथ ही क्रिस हेम्सवर्थ, टॉम हिडलस्टन, पैट्रिक स्टीवर्ट, इयान मैककेलन, वैनेसा किर्बी, रेबेका रोमिजन, पॉल रड, एंथनी मैकी, सेबेस्टियन स्टेन, लेटिटिया राइट, फ्लोरेंस पुघ, केल्सी ग्रामर, डैनी रामिरेज और पेड्रो पास्कल जैसे दिग्गज सुपरहीरोज बनकर लौट रहे हैं।




# शांग त्सुंग की भूमिका के लिए मिली सराहना

**लॉस एंजिल्स।** 1995 की 'मॉर्टल कॉम्बैट' फिल्म में शांग त्सुंग की भूमिका के लिए प्रसिद्ध जापानी-अमेरिकी अभिनेता कैरी हिरोयुकी तगावा का 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनका निधन स्ट्रोक की जटिलताओं की वजह से हुआ। उन्होंने कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में अंतिम सांस ली। कैरी का जन्म 27 सितंबर 1950 को टोक्यो में हुआ था। उनके पिता अमेरिकी सेना में थे, इसलिए बचपन में वे अमेरिका के कई राज्यों में घूमते रहे। आखिर में वह कैलिफोर्निया में बस गए। हाई स्कूल में उन्हें अभिनय का शौक लगा। साल 1987 में मशहूर निर्देशक बर्नार्डो बर्टोलुची ने उन्हें फिल्म 'द लास्ट एम्परर' में बड़ा रोल दिया। इसके बाद वे हॉलीवुड में बहुत प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने 30 से ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें 'लाइसेंस टू किल', 'राइजिंग सन', 'पर्ल हार्बर', 'मेमॉयर्स ऑफ अ गीशा' जैसी बड़ी फिल्में शामिल हैं। टीवी सीरीज में भी वे 'द मैन इन द हाई कैसल', 'हीरोज' और 'लॉस्ट' में नजर आए। मॉर्टल कॉम्बैट गेम के सह-निर्माता एड बून ने ट्विटर पर लिखा, 'आज हमने एक महान कलाकार खो दिया।



# एयरपोर्ट कर्मचारी के साथ खिंचवाई तस्वीर

**मुंबई।** कृति सेनन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच कृति का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। हाल ही में कृति सेनन मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। एयरपोर्ट पर कुछ महिला कर्मचारी नजर आ रही हैं, जो प्यार से कृति को तस्वीर खिंचाने के लिए कहती हैं। कृति तुरंत ही दोनों महिला कर्मचारियों के साथ सेल्फी क्लिक करती हैं। कृति के साथ तस्वीर क्लिक करने के बाद दोनों महिला कर्मचारी खुशी से उछलने लगती हैं। कृति के इस व्यवहार को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एयरपोर्ट कर्मचारी के प्रति कृति के इस व्यवहार की फैंस जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'इसीलिए यह मेरी पसंदीदा हैं', एक और फैन ने लिखा, 'बहुत प्यारी हैं', एक और फैन ने लिखा, 'मैडम की फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रूल करेगी'।



# द ट्रेटर्स के लिए मिला बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड

**मुंबई।** फिल्ममेकर करण जौहर रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' को लेकर खूब सुर्खियों में रहे हैं। उन्होंने इस शो को शानदार तरीके से होस्ट किया। इस शो को होस्ट करने के लिए उन्हें गुरुवार को एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड मिला है। इस अवॉर्ड को जीतने के बाद करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर अपनी खुशी का इजहार किया है। उन्होंने पोस्ट में लिखा 'मैं सिंगापुर में एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में 'द ट्रेटर्स' के लिए बेस्ट होस्ट का अवॉर्ड जीतकर बहुत खुश हूं। मैं माराकेच फिल्म फेस्टिवल में था इसलिए यहां शामिल नहीं हो पाया। मैं इसके लिए एकेडमी को धन्यवाद देना चाहूंगा।' एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स 2025 में प्राइम वीडियो के 'द ट्रेटर्स' ने 'मौजूदा फॉर्मेट के बेस्ट अडैप्टेशन' का अवॉर्ड जीता।

## टीवी मसाला



# महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ बिग बी ने लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन का पॉपुलर क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' ने अपने चल रहे 17वें सीजन में अलग-अलग फील्ड के कई हस्तियों को बुलाया है। हाल ही में, इस शो में क्रिकेटर शेफाली वर्मा और भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कुछ खिलाड़ी शामिल हुईं। शो में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के शामिल होने का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर जारी किया गया है। इसमें अमिताभ बच्चन खिलाड़ियों से बात करते हैं इसके बाद उनके साथ ठुमके लगाते हैं। शो के प्रोमो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन कहते हैं कि पहला टैग दिखाया जाए। टैग में दिखता है 'शॉपिंग की शौकीन'। इस पर सभी एक सुर में बोलते हैं शेफाली वर्मा। शिफाली वर्मा कहती हैं 'मुझे शॉपिंग का शौक है और मैं बदलती रहती हूं।' इस पर सभी हंसते हैं। दूसरे टैग में दिखाया जाता है 'एंग्री यंग वुमेन'। इस पर हरमनप्रीत कौर कहती हैं 'एंग्री का तो पता नहीं पर यंग वुमन ठीक है।' अगले टैग में दिखता है 'सुरों के सरताज।' इस पर सब अमोल मजूमदार का नाम लेते हैं। इसके बाद अमोल मजूमदार स्टेज पर आकर गाना गाते हैं। शो में एक खास मौके पर अमिताभ ने टीम को जंक फूड खाने के लिए चिढ़ाया, खासकर टूर्नामेंट के दौरान। जवाब में, शेफाली ने कहा कि ऐसा नहीं है। उन्होंने कहा, 'नहीं सर, कोच बोल रहे हैं, कोच से पूछिए।' आगे, स्नेह राणा ने मजाक में कहा कि टीम कोच से सही डाइट भी फॉलो करवाती है।

## 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' 19 को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** चर्चित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'के फाइनल सीजन का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी है। सीरीज के फाइनल सीजन की रिलीज डेट का एलान हो चुका है। सयानी गुप्ता, कीर्ति




कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगारू अभिनीत सीरीज का दर्शक इसी महीने लुत्फ उठा सकेंगे। इंटरनेशनल एमी नॉमिनेटिड सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज'को दुनियाभर के दर्शक 19 दिसंबर से देख सकेंगे। इस तारीख से सीरीज का प्रीमियर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर होगा। सीरीज के इस फाइनल सीजन का ऐलान इस साल जुलाई में एक पोस्टर रिलीज के साथ किया गया था। बता दें कि इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं।

# 2025 में गूगल पर इन हस्तियों का रहा बोलबाला

**मुंबई।** गूगल इंडिया ने अपने ईयर इन सर्च 2025 की सूची जारी कर दी है, जिसमें सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाले अभिनेता से लेकर फिल्म तक, हर किसी का नाम सामने आया है। इस लिस्ट में मनोरंजन जगत की दो बड़ी हस्तियों धर्मेंद्र और शेफाली जरीवाला का नाम भी शामिल हैं, जिन्हें उनके निधन के बाद सबसे ज्यादा बार सर्च किया गया।

### शेफाली को भी लोगों ने किया सर्च

उधर, 27 जून को शेफाली जरीवाला के अचानक हुए निधन ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। 'कांटा लगा' से रातोंरात मिली लोकप्रियता, रियलिटी टीवी में नई पहचान और फिर अचानक यह दुखद खबर-लोगों ने पुराने वीडियो, इंटरव्यू और उनके करियर को याद करते हुए गूगल पर उनकी जिंदगी से जुड़े सवालों की एक लंबी सीरीज दर्ज कर दी।



### धर्मेंद्र हुए सबसे ज्यादा बार सर्च

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र के निधन ने भारतीय सिनेमा के एक स्वर्णिम अध्याय को विराम दे दिया। छह दशक से अधिक लंबे कॅरियर के साथ, वो वह नाम बने जिन्हें हर उम्र का दर्शक एक अलग जुड़ाव के साथ याद करता है। उनके जाने के बाद गूगल पर ट्रिब्यूट, इंटरव्यू, पुरानी झलकियों और अनसुनी कहानियों की सर्च में लाखों लोगों ने उन्हें बार-बार याद किया। यह सिर्फ एक अभिनेता के निधन का शोक नहीं था, बल्कि एक युग के अंत का एहसास भी था।*

### सैयारा बनी साल की सबसे ट्रेंडिंग फिल्म

गूगल की मूवी ट्रेंडिंग लिस्ट में मोहित सूरी निर्देशित सैयारा ने पहला स्थान हासिल किया। यह फिल्म न सिर्फ अपनी कहानी के लिए, बल्कि इसके टाइटल ट्रैक के चलते भी सोशल मीडिया पर छाई रही। बिना किसी बड़े स्टार कास्ट के भी इस फिल्म ने यह साबित किया कि फ्रेश कंटेंट और नए चेहरों की लोकप्रियता भी दर्शकों को उतनी ही ताकत से बांध सकती है। इसके अलावा इस लिस्ट में क्षेत्रीय सिनेमा की फिल्मों ने भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। कांताराः ए लीजेंड चैप्टर 1, कुली (तमिल), मार्को (मलयालम) और गेम चेंजर (तेलुगु) जैसी फिल्मों ने दिखाया कि 2025 भारतीय सिनेमा के विविध रंगों से भरा वर्ष रहा।

# शादी को लेकर सीरियस थे अक्षय और शिल्पा

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार दोनों ही इंडस्ट्री के चर्चित सितारे हैं। एक दौर था, जब इनके रिलेशनशिप के चर्चे थे। हालांकि, आज दोनों ही अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। अक्षय कुमार ने ट्विंकल खन्ना से शादी रचाई है। वहीं, शिल्पा शेट्टी बिजनेसमैन राज कुंद्रा के साथ सफल वैवाहिक जीवन बिता रही हैं। हाल ही में निर्माता सुनील दर्शन ने शिल्पा शेट्टी और अक्षय कुमार के उस दौर में चले अफेयर पर टिप्पणी की है। 90 के दशक में अक्षय कुमार और शिल्पा शेट्टी के प्यार के चर्चे सुर्खियों में रहते थे। फिर, कुछ साल बाद यह रिश्ता खत्म हो गया। हाल ही में फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने खुलासा किया कि दोनों स्टार्स शादी करने को लेकर गंभीर थे। दोनों अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के बारे में सीरियसली सोच रहे थे। मगर, शिल्पा के माता-पिता ने शादी के लिए हां करने से पहले कुछ शर्तें रखी थीं और जब वे शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो ऐसा लगा कि इससे उनके रास्ते में रुकावटें आ गईं। सुनील दर्शन ने इस बात का संकेत दिया कि यही शिल्पा और अक्षय कुमार के अलग होने की वजह रही। सुनील दर्शन ने बॉलीवुड ठिकाना से बात करते अक्षय और



शिल्पा के बीच पुराने रिश्ते पर चर्चा की। निर्माता ने उन्हें 'गुड लुकिंग कपल' कहा, लेकिन यह भी कहा कि किस्मत के शायद कुछ और ही प्लान थे। इसी दौरान उन्होंने बताया कि वर्षों पहले ट्विंकल खन्ना के पिता, राजेश खन्ना के करीबी एक ज्योतिषी ने एक हैरान करने वाली भविष्यवाणी की थी। ज्योतिषी ने कहा था कि अक्षय और ट्विंकल एक दिन शादी करेंगे। सुनील ने माना कि उस वक्त उन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया। निर्माता ने कहा, उस समय उनका (अक्षय और ट्विंकल का) एक-दूसरे से कोई लेना-देना नहीं था'। सुनील दर्शन ने कहा कि पीछे मुड़कर देखने पर, उन्हें यह अजीब लगा। उन्होंने कहा, 'इत्तेफाक देखिए, अगर शिल्पा के माता-पिता ने वे शर्तें नहीं रखी होतीं, तो जिंदगी कुछ और ही मोड़ लेती'। जब उन शर्तों के बारे में पूछा गया तो सुनील ने समझाया,'माता-पिता के तौर पर, माता-पिता को अपनी बेटी की सुरक्षा के लिए जो कुछ भी चाहिए। वह गलत नहीं है'। जब उनसे पूछा गया कि क्या उनका मतलब फाइनेंशियल सिक्योरिटी से है? तो सुनील दर्शन ने जवाब दिया, 'हर तरह की सिक्योरिटी, सभी पेरेंट्स यही चाहते हैं'।

## कंटेंट रहा कमजोर, मेगा स्टार्स भी नहीं लगा पाए नैया पार

# इस साल बड़े बजट की फिल्मों की बॉक्स ऑफिस पर बत्ती हुई गुल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


साल 2025 बॉलीवुड के लिए बेहद दिलचस्प रहा। जहां एक ओर छोटे बजट की कहानियों ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार कमाई कर सभी को चौंका दिया, वहीं दूसरी ओर दिग्गज सितारों की बड़ी-बड़ी फिल्में बुरी तरह धराशायी हो गईं। करोड़ों के बजट पर खड़े किए गए कई मेगा प्रोजेक्ट उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। कंटेंट कमजोर रहा, ऑडियंस कनेक्शन नहीं बन पाया और सितारों का चमकता स्टारडम भी टिकट विंडो पर फिल्मों को नहीं बचा सका। इस साल की फ्लॉप लिस्ट में कंगना रनौत से लेकर ऋतिक रोशन, शाहिद कपूर से लेकर सलमान खान तक कई बड़े नाम शामिल हैं।

### इमरजेंसी

कंगना रनौत की महत्वाकांक्षी फिल्म इमरजेंसी को रिलीज से पहले काफी सुर्खियां मिलीं, लेकिन सिनेमा हॉल में कहानी टिक नहीं पाई। इंदिरा गांधी पर आधारित यह बायोपिक विवादों में फंसने के बाद चर्चा तो बटोर गई, लेकिन कमाई आधे रास्ते में ही ठहर गई। करोड़ों झोंकने के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फीकी पड़ गई।

### देवा

शाहिद कपूर की देवा ने ट्रेलर रिलीज के समय जबरदस्त उत्सुकता जगा दी थी। लेकिन, फिल्मों में ट्रेलर का आकर्षण तब तक ही टिकता है जब कहानी दर्शकों को बांधकर रखे। यही कमी देवा में नजर आई। बजट भारी था, कमाई उसकी छाया भी नहीं छू पाई। भारत में इस फिल्म का कलेक्शन सिर्फ 34.37 करोड़ का रहा।



### सिकंदर

ईद रिलीज मानी जाती है गोल्डन स्लॉट, लेकिन सलमान खान की सिकंदर इस साल'ईद मैजिक का लाभ नहीं उठा पाई। फिल्म का बजट बेहद बड़ा था, लेकिन कहानी साधारण और स्क्रीनप्ले औसत होने के कारण दर्शकों ने इसे एक हफ्ते बाद ही नज़रअंदाज़ करना शुरू कर दिया।

### वॉर 2

वॉर जैसी ब्लॉकबस्टर के बाद इसके सीक्वल से उम्मीदें बहुत ज्यादा थीं। ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की स्टारकास्ट भारी थी, बजट उससे भी भारी, लेकिन फिल्म दर्शकों को पकड़ नहीं पाई। भारीभरकम बनावट और कमजोर कहानी- यही इसकी हार का सबसे बड़ा कारण बना। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस फिल्म का कुल बजट 400 करोड़ के करीब था, लेकिन भारत में कमाई सिर्फ 222.35 करोड़ की रही।

### सन ऑफ सरदार 2

अजय देवगन की कॉमेडी फिल्मों का लंबे समय से अलग फैन बेस रहा है, लेकिन सन ऑफ सरदार 2 इस उम्मीद पर खरी नहीं उतरी। मल्टी-स्टार कास्ट और बड़े पैमाने पर बनी यह फिल्म दर्शकों को थिएटर तक खींच ही नहीं पाई। हंसी के बिना कॉमेडी का स्वाद फीका हो जाता है, यही फिल्म की असफलता का पलड़ा भारी कर गया। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 60.90 करोड़ बटोरे।

### बागी 4

टाइगर श्रॉफ और संजय दत्त की बागी 4 एक्शन प्रेमियों के लिए बनाई गई थी, लेकिन फ्रेंचाइजी की यह किस्त गहराई और नईपन की कमी के कारण पिछली हिट फिल्मों जैसा असर छोड़ने में नाकाम रही। एक्शन बहुत था, भावनाएं बहुत कम और दर्शक अब सिर्फ स्टंट से नहीं, कहानी से भी जुड़ना चाहते हैं। करीब 80 करोड़ के बजट में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 52.77 करोड़ ही कमा पाई।

### 2025 की बाकी बड़ी फ्लॉप्स

राम चरण-कियारा आडवाणी की गेम चेंजर, राजकुमार राव की मालिक, सिद्धांत–तृप्ति की धड़क 2, सोनू सूद की फतेह, द बंगाल फाइल्स, आजाद, अर्जुन कपूर की मेरे हस्बैंड की बीवी, जुनैद–खुशी कपूर की लवयापा, ग्राउंड जीरो- ये सभी फिल्में बजट के हिसाब से उम्मीदें पूरी नहीं कर पाईं। साल भर में बार-बार यही साबित हुआ- अब दर्शक सिर्फ स्टार नहीं, बेहतर कंटेंट चुन रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को, तैयारी पूरी

**सिरसा।** आगामी 13 दिसंबर को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

### पुलिस ने अवैध पिस्तौल के साथ युवक दबोचा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने नाजायज पिस्तौल सहित एक युवक को काबू किया है। सीआईए फतेहाबाद प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि हासंपुर पुल, हिसार-सिरसा बाईपास के पास गश्त के दौरान एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह घबरा गया और तेज कदमों से भागने लगा। शक के आधार पर उसे काबू किया गया, जिसकी पहचान कृष्ण कुमार पुत्र शर्वण सिंह, निवासी वार्ड नं. 1, शक्ति नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी की पैंट की जेब से एक नाजायज 315 बोर पिस्तौल बरामद हुई।

### अवैध हथियार मामले में मुख्य सप्लायर काबू

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने अवैध हथियार मामले में मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कामदेव उर्फ देव सैनी पुत्र दलीप कुमार, निवासी वार्ड नं. 4, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी उप-निरीक्षक रणजीत सिंह ने बताया कि 9 नवंबर को पुलिस टीम रूटीन गश्त पर थी। इसी दौरान गाँव सुखमनपुर वाटर वर्क्स के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को चेक किया गया, जिसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ था।

### टोहाना पुलिस ने शराब सहित युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** थाना सदर टोहाना पुलिस ने अवैध देशी शराब रखने और बेचने के आरोप में एक युवक को काबू किया है। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक सादीराम ने बताया कि पुलिस टीम रूटीन गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रिंकु पुत्र देशराज निवासी ललौदा अपने पशु बाड़े में नाजायज शराब निकालने और बेचने का काम करता है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर रेड की और आरोपी को काबू किया। छापेमारी के दौरान आरोपी के कब्जे से 3 बोतल देशी शराब तथा 100 लीटर लाहन बरामद की गई।

### ठेके में पर हमले का दूसरा आरोपी भी काबू

**फतेहाबाद।** पुराने बस स्टैण्ड के पास स्थित शराब ठेके में घुसकर कारिंदे के साथ मारपीट करने के मामले में बस अड्डा पुलिस चौकी फतेहाबाद पुलिस ने दूसरे युवक को भी काबू कर लिया है। आरोपी की पहचान दीपक उर्फ अरमान पुत्र नाथू राम निवासी शक्ति नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इससे पहले इसी मामले में एक अन्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। बस अड्डा चौकी प्रभारी पीएसआई सुमित ने बताया कि शिकायतकर्ता सुंदर लाल निवासी शेखुपुर डडौली ने थाना शहर फतेहाबाद में शिकायत दी थी कि वह माढिया वाइन शॉप, पुराना बस अड्डा, फतेहाबाद में मुनिम के रूप में कार्यरत है। र फरार हो गए।

### टोहाना में हेरोइन सहित पकड़े गए दो युवक

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस ने नशा तस्करी पर नकेल कसते हुए दो युवकों को काबू कर 10.89 ग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि उपनिरीक्षक सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम अपराध की रोकथाम हेतु डमकोरा रोड, लकड़ मार्किट तथा राजनगर-बलियाला रोड क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी। तभी काले पल्सर पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर घबरा गए और हड़बड़ी में उनकी बाइक बंद हो गई। दोनों को काबू कर नाम-पता पूछा गया तो उनकी पहचान ईश्वर सिंह पुत्र मेजर सिंह निवासी मनियाना तथा बिट्टू सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी मनियाना के रूप में हुई।

---

### छात्र बोला : आईपीएस बनना चाहता हूं, अजीत डोभाल हैं मेरे प्रेरणा स्रोत

# सकारात्मकता सोच जीवन की सबसे बड़ी ऊर्जाः डीसी

**डीसी ने समझाई यूपीएससी की प्रक्रिया विद्यार्थियों को मंच का भय छोड़कर निर्भीक होकर सवाल पूछने चाहिए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

छात्र नीरज ने डीसी से कहा कि वह आईपीएस बनना चाहता है और एनएसए अजीत डोभाल उसके प्रेरणा स्त्रोत हैं। आईपीएस बनने के लिए क्या करना चाहिए। इस पर डीसी ने उसे यूपीएससी की प्रक्रिया समझाई और कहा कि स्पष्ट लक्ष्य रखने वाले विद्यार्थी अवश्य सफल होते हैं। मौका था राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भूना में शुक्रवार को शिक्षा विभाग द्वारा मिशन बुनियाद का ओरिएंटेशन कार्यक्रम का। कार्यक्रम में जिला उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विद्यार्थियों को प्रेरणादायी विचारों से संबोधित किया। कार्यक्रम में एक अन्य छात्र जतिन ने बताया कि वह चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहता है। वहीं एक विद्यार्थी ने वैकल्पिक विषय चुनने पर सवाल पूछा, जिस पर डीसी ने उसे यूपीएससी अपनी रुचि और विषय समझ के अनुसार निर्णय लेने की सलाह दी। डीसी ने कहा कि विद्यार्थियों को मंच का भय छोड़कर निर्भीक होकर सवाल पूछने चाहिए। अंग्रेजी भाषा में पकड़ मजबूत करें, गणित में दक्षता विकसित करें और फोन की अनावश्यक आदतों को डिजिटल डिटॉक्स के माध्यम से नियंत्रित करें। सिद्धांत नामक छात्र ने टाइमटेबल सेट करने पर प्रश्न पूछा, जिस पर डीसी ने कहा कि समय सारणी लचीली हो सकती है, लेकिन उसे निष्पक्ष रूप से पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने लक्ष्य आधारित अध्ययन को सर्वोत्तम तरीका बताया। छात्र दीनदयाल के साइबर क्राइम से जुड़े प्रश्न पर डीसी ने विद्यार्थियों को डिजिटल रूप से जागरूक रहने, सुरक्षित पासवर्ड रखने और संदिग्ध गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही तनाव प्रबंधन के लिए व्यायाम व संतुलित दिनचर्या अपनाने की बात कही। छात्रों ने नशे से बचाव, कठिन परिस्थितियों से निपटने तथा भविष्य की तैयारी जैसे विषयों पर भी सवाल पूछे।



**फतेहाबाद।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

#### करियर के दिए टिप्स

डीसी ने कहा कि अनुशासन, संवाद, गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा और जागरूकता ही भविष्य के सुशिक्षित व इंफॉर्म्ड सिटीजन की पहचान है। डीसी ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रेरक व्यक्तित्वों की जीवनी पढनी चाहिए, जिससे अनुभव और जीवन मूल्य सीखने को मिलते हैं। विद्यार्थियों ने उपायुक्त और जिला शिक्षा अधिकारी के बनाए हुए पेंटिंग स्कैच भी उन्हें भेट किया।

#### लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर प्रयास करें छात्र : डॉ. विवेक भारती

डीसी डॉ. विवेक भारती ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति पूर्ण फोकस रखने की प्रेरणा देते हुए कहा कि सफल वहीं होते हैं, जो लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर निरंतर प्रयास करते हैं। अध्ययन में आनंद तभी आता है, जब हम उसे मन से स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि कक्षा में जो भी विषय या तथ्य समझ में न आए, उसके बारे में अवश्य प्रश्न पूछें। सवाल पूछना जिज्ञासा का प्रतीक है और यहीं आदत विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास की सबसे मजबूत नींव रखती है। डीसी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा सुपर-100 और मिशन बुनियाद जैसे कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी प्रतिभा को पहचानकर उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के उच्च स्तर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। डीसी ने कहा कि अपने आप को हमेशा हाई स्पिरिट में रखें, सकारात्मकता जीवन की सबसे बड़ी ऊर्जा है।

#### मैथ पार्क का किया भ्रमण

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय प्रांगण में श्रीनिवास रामानुजन मैथ पार्क का भ्रमण किया। जहां पर मैथ के मुश्किल टोपिक को प्रेक्टिकल मॉडल के रूप में विद्यार्थियों को समझाने का प्रयास किया गया। डीसी ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे कंसेप्ट को जिला के अन्य स्कूलों में भी लागू करें ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई के प्रति रूचि और अधिक हो सके। कार्यक्रम में पहुंचने पर डीसी डॉ. विवेक भारती का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई द्वारा किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने उपायुक्त को अवगत कराया कि विद्यालय के 474 पौधों पर उनकी प्रजातियों की विशेषताओं को दर्शाते हुए क्यूआर कोड लगाए गए है। इस अवसर पर बीईओ निर्मल बाला सिहाग, प्रिंसिपल नरेश शर्मा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर संजीव सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---



**फतेहाबाद।** श्री रघुनाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पूजा अर्चना करवाते स्वामी दिव्यानंद महाराज। फोटो : हरिभूमि

## आज दुनिया को जीतने का स्वप्न देखने वाले खुद से हारेः दिव्यानंद

- **बाहय विकास नहीं आंतरिक विकास भी होना चाहिए : स्वामी दिव्यानंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री रघुनाथ मंदिर फतेहाबाद में आयोजित शिव पुराण कथा में डॉ. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि आज समाज के विकृत्त होने का मुख्य कारण यही है कि मुखिया लोग जाति-धन-बाहुबल और भीड़ के आधार पर ही पूज्य हो रहे हैं, क्वालिटी की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा। आज खुद और परिवार से हारे लोग दुनिया को जीतने के लिए चल पड़े हैं। कुमार कार्तिकेय इतने छोटे और देव सेना के सेनापति, यह विचारणीय है।

#### लोकतंत्र का महत्व बताया

स्वामी दिव्यानंद महाराज ने कहा कि बुद्धि यदि परिपक्व है, दूसरों से सहयोग लेने की कला है, टीम वर्क अच्छा हो, मसल्स और मैनपावर अच्छी है तो किसी भी आयु में अध्यक्ष हुआ जा सकता है। गणेश जी इसीलिए गणों के अध्यक्ष पद पर सुशोभित हुए क्योंकि वे मनोबल और बुद्धि के भी अध्यक्ष हैं। इन्हें चुनाव जीतने के लिए भीड़ नहीं जुटानी पड़ी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र गणतंत्र को गुणतंत्र बनाना होगा, केवल भीड़तंत्र नहीं। इन पवित्र चरित्रों को बड़े ध्यान से सुनना-सुनाना चाहिए। इस अवसर पर शिव विवाह संपन्न हुआ। मुख्य यजमान कैलाश बतरा एवं बिंदु बतरा ने भी मांगालिक महोत्सव मनाया। राजीव बतरा, संत कुमार एडवोकेट एवं प्रदीप बतरा ने भी पूजा कर आशीर्वाद लिया।

---

## पुलिस का जागरूकता अभियान, रतिया व आसपास के क्षेत्रों में नशा छोड़ चुके पीड़ितों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिलेभर में नशा रोकथाम एवं पुनर्वास के उद्देश्य से चलाए जा रहे ऑपरेशन 'जीवन ज्योति' के तहत आज नशा मुक्ति टीम ने रतिया उपमंडल के विभिन्न गांवों का दौरा कर नशा छोड़ चुके ड्रग पीड़ितों से मुलाकात की तथा उनके स्वास्थ्य, उपचार और सामाजिक पुनर्वास से संबंधित विस्तृत फीडबैक लिया। एसआई सुंदर के नेतृत्व में बनी टीम ने सबसे पहले रतिया एवं भिरड़ाना क्षेत्र में उपचाराधीन व ड्रग-फ्री हो चुके युवाओं से बातचीत की। टीम ने पुनर्वास प्रक्रिया की प्रगति, दवा सेवन की निरंतरता, पारिवारिक सहयोग तथा रोजगार/पढ़ाई जैसी गतिविधियों में उनकी सहभागिता से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की। इस दौरान पीड़ितों व परिजनों ने पुलिस द्वारा समय-समय पर किए जा रहे संपर्क व सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। इसके बाद टीम ने विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर कुल 8 ड्रग पीड़ितों को नागरिक अस्पताल से दवाइयाँ उपलब्ध करवाकर उनके उपचार को आगे बढ़ाया। इनमें गांव सुखलमपुर में 2 तथा लाली, हिजरावा कलां, निक्कूआना, जांडवाला बागड़, दैय्यड तथा कुनाल में 1-1 युवक शामिल रहा।



**रतिया।** लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करती जिला पुलिस की टीम।

#### पीड़ितों को दी सलाह

पुलिस टीम ने पीड़ितों को नियमित दवा, काउंसलिंग, व्यायाम तथा नशे से दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित किया और परिवारों से भी सतत निगरानी एवं सहयोग की अपील की। इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति टीम ने बस स्टैंड रतिया पर आमजन के बीच तथा अनाज मंडी रतिया में मजदूरों के बीच नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान भी चलाया। सभाओं में उपस्थित लोगों को नशे के दुष्परिणाम, परिवार पर पडने वाले प्रभाव, उपलब्ध सरकारी उपचार सुविधाएं, हेल्पलाइन नंबर तथा नशा छोडने के बाद जीवन को सकारात्मक दिशा देने संबंधी जानकारी प्रदान की गई।

### जरूरतमंद बच्चों को दी स्कूली जर्सियां व जूते

**फतेहाबाद।** पूर्ण सोसायटी ने जरूरतमंद बच्चों को उनकी पढ़ाई जारी रखने के लिए आवश्यक सामान दिया। पूर्ण सोसायटी के प्रेजिडेंट सन्नी बंसल की देखरेख व फतेहाबाद युनिट की प्रेजिडेंट पायल चक्रवर्ती के नेतृत्व में टीम ने 3 जरूरतमंद बच्चों को गर्म जर्सियां, नये जूते, स्कूल बैग, नोट बुक्स व अन्य स्टेशनरी भेंट की, ताकि सर्दी के दिनों में उक्त बच्चे अपना स्कूल जाना जारी रख सकें। इस सेवा में नवकल्याण संस्था के प्रधान बंटी कम्बोज व युवा समाजसेवी पुनित ग्रोवर ने भी अपना पूरा सहयोग दिया। पायल चक्रवर्ती ने बताया कि पूर्ण सोसायटी समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर नए नए प्रयास करती आ रही है। जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने के लिए हमारी टीम हमेशा तत्पर रहती है।

---

## जेजेपी की स्थापना दिवस रैली की तैयारियां पूरीः अशोक वर्मा

- **रैली के लिए जिला स्तर पर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और लोगों में उत्साह : अशोक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि पार्टी के 8वें स्थापना दिवस पर जुलाना में होने वाली रैली के लिए जिला स्तर पर तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और लोगों के उत्साह को देखते हुए यह रैली ऐतिहासिक होगी। शुक्रवार को जारी बयान में जेजेपी जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि पार्टी की जिला कार्यकारिणी के तमाम पदाधिकारियों व एक एक कार्यकर्ता ने पूरी मेहनत से जिलेभर के तमाम हलकों व गांवों में जन जन से संपर्क कर उन्हें इस रैली का निमंत्रण दिया है। इस निमंत्रण को पाकर जिलावासियों में इस रैली को लेकर खासा उत्साह है। जिलाध्यक्ष वर्मा ने कहा कि आमजन के उत्साह को देखते हुए यह दावा किया जा सकता है कि इस रैली में सिरसा जिला की हाजिरी बेमिसाल होगी। इस हाजिरी में महिलाओं की संख्या भी रिकॉर्डतोड़ होगी। उन्होंने बताया कि जुलाना में होने वाली इस रैली में जहां पार्टी का शीर्ष नेतृत्व प्रदेश भाजपा सरकार की बेकायदगियों को उजागर करेगा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाएं होंगी सम्मानित

**सिरसा।** राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अनुकरणीय उपलब्धियां हासिल करने वाली बालिकाओं के पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए इच्छुक बालिकाएं 15 दिसंबर निम्नलिखित विभाग में आवेदन कर सकती हैं। आवेदन संबंधित विभाग की सिफारिश पर मुख्यालय पर भेजे जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप निदेशक डॉ. दर्शना सिंह ने बताया कि सामाजिक कार्यों, खेल, संस्कृति, शिक्षा, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य मुद्दों और मीडिया तथा साहित्य जैसे क्षेत्रों में \अनुकरणीय कार्यों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

## नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

.हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

शहर के ओढां रोड पर स्थित एसबीएस कॉलेज में शुक्रवार को प्रशासन के सहयोग से नशा मुक्ति पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना और नशा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डबवाली की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर द्वारा किया गया। संस्थान के निदेशक चेयरमैन अशोक सिंगला, विकास गर्ग व सभी स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि पुलिस अधीक्षक नीकिता खट्टर ने युवाओं को नशे से दूर रहने सकारात्मक जीवनशैली अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। इसके साथ उन्होंने नशा मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिय।

#### नशे के नुकसान बनाए

शराब,तंबाकू, ड्रग्स और अन्य नशीले पदार्थों से होने वाले शारीरिक मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नशे की लत न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को हानि पहुंचाती है बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है।

---

**शिविर** | पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

## जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को नशा मुक्ति और एड्स के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस (विद्यार्थी) प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। शिविर के समापन कार्यक्रम में तहसीलदार विकास कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। समारोह की शुरुआत सर जीन हैनरी ड्यूनाट के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर तहसीलदार विकास कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों और गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं, क्योंकि इससे उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी मिलती है। इस मौके पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने बताया कि इस पांच दिवसीय शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य जागरूकता, नशा मुक्ति, एचआईवी एड्स, रक्तदान, शरीर व आंखों का दान आदि के बारे में जागरूक किया गया।



**फतेहाबाद।** जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए तहसीलदार विकास कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### इस प्रकार रहा परिणाम

सोलो डांस में में पीएम श्री राजकीय कन्या विद्यालय फतेहाबाद ने प्रथम, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बस्ती बलाडिया ने द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अहरवां ने तृतीय स्थान तथा सोलो सॉन्ग में राजकीय उच्च विद्यालय दौलतपुर ने प्रथम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहाबाद ने द्वितीय व राजकीय उच्च विद्यालय बीघड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से लकी स्टार गेम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एमपी रोही ने प्रथम, आरोही मॉडल स्कूल बनगांव ने द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

## खबर संक्षेप



### एसडीएम ने ली बाल विकास विभाग की बैठक

**कालांवाली।** उपमंडल कार्यालय कालांवाली में ब्लॉक ओढां व बडागुढ़ा की महिला एवं बाल विकास विभाग की एक बैठक उपमंडल अधिकारी मोहित कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ब्लॉक ओढां व बडागुढ़ा की सभी महिला सुपरवाइजरों ने भाग लिया। बैठक में एसडीएम मोहित कुमार ने हरियाणा सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी बचाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यामंत्री सहायक योजना और पोषण ट्रैकर पर आने वाले एसएएम बच्चों का ब्यौरा लिया। इस अवसर पर बडागुढ़ा की सीडीपीओ लता रानी, सीडीपीओ रीना, सीडीपीओ बबीता, सीडीपीओ पूजा रानी, ओढां की सीडीपीओ सुखमंदर कौर, सीडीपीओ सुनीता रानी मौजूद रही। एसडीएम मोहित कुमार ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियां बच्चों और महिलाओं के पोषण व स्वस्थ सर्वांगीण विकास और महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित हैं।




### सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**फतेहाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में शुक्रवार को एनएसएस यूनिट 1 व 2 की ओर से सशस्त्र सेना झंडा दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश की सेना के वीर जवानों, पूर्व सैनिकों तथा शहीदों के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए धनराशि एकत्रित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. लखबीर कौर की अध्यक्षता में आयोजित प्रातः सभा से हुई। उन्होंने कहा कि संकट के समय वीरता और समर्पण ही राष्ट्र की असली ताकत होती है। हमारा फर्ज है कि हम देश की सेवा और सम्मान को हमेशा जीवित रखें। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शकुंतला सिहाग तथा प्रोफेसर रमन ने भारतीय थल, जल और वायु सेना के राष्ट्र रक्षा में योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को ध्वज दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और इसके महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर डॉ. ज्योति, पवन कुमार, वीरेंद्र कुमार, मंजू बाला, कविता व प्रोमिला सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

### शिक्षकों के शीघ्र तबादले करे सरकार : अध्यापक संघ

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने प्रदेश सरकार की नई तबादला नीति में मौजूद खामियों को उजागर करते हुए तर्कसंगत रेशनलाइनजेशन कर शिक्षकों के शीघ्र तबादले करने की मांग की है। संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल व सचिव देसराज माचरा ने कहा कि इन खामियों समाधान होने पर विभाग को भी लाभ मिलेगा तथा विद्यार्थियों तक शिक्षा की पहुंच और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। तबादला नीति अध्यापक के प्रार्थना-पत्र और छात्रों की आवश्यकता के आधार पर बनाई जाए तथा यह नियमित व अनियमित सभी पर समान रूप से लागू हो। अध्यापक नेताओं ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा 2016 से ऑनलाइन तबादला नीति लागू की गई थी, परन्तु इसके अंतर्गत 2017, 2019 और 2022 में ही तबादले हो सके। जेबीटी के तबादले 2016 के बाद आज तक नहीं किए गए। अब सरकार ने नई तबादला नीति का ड्राफ्ट जारी किया है। संघ ने सरकार को सुझाव दिए हैं कि ब्लॉक में 15 वर्ष सेवा की शर्त हटाई जाए। यह शर्त न तो विद्यार्थियों और न ही शिक्षकों के हित में है। जिला सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा जारी चिकित्सीय प्रमाण पत्र भी मान्य किया जाए और सम्बंधित शिक्षकों को अंक प्रदान किए जाएं। 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग सभी शिक्षकों को समान अंक दिए जाएं। स्वीकृत किसी भी पद को 'कैप्ड' न रखा जाए। खाली पदों की कमी की सजा शिक्षकों को न दी जाए। तबादलों के बाद जहां पद खाली रहें, वहाँ शीघ्र नियमित भर्ती कर बेरोजगारों को रोजगार देते हुए शिक्षार्थियों को शिक्षक उपलब्ध कराए जाएं। सभी शिक्षकों को सेवाकाल के प्रत्येक वर्ष पर एक अंक का लाभ दिया जाए। संघ के कैशियर जगजीत मुड़ाही, वरिष्ठ उपप्रधान डॉ नीतू डुडेजा, राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन, राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद व कार्यालय सचिव राधेश्याम ने मांग की कि पहले जेबीटी और सी एंड वी का अंतर-जिला तबादला ड्राइव चलाया जाए। सामान्य ट्रांसफर ड्राइव की शुरुआत जेबीटी शिक्षकों से की जाए।

## खबर संक्षेप

### उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त सभी जन शिकायतों का समयबद्ध एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं इन शिकायतों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार नकदी भी बरामद

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान राहुल पुत्र काला सिंह उर्फ धीरा निवासी बाबा बुटा शाह बस्ती, राज नगर, टोहाना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी से 900 रुपये की नगदी बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि चौकी चंडीगढ़ रोड पुलिस को शिकायतकर्ता संदीप पुत्र बीराराम निवासी गांव निमवाला, थाना राजौंद, जिला कैथल वर्तमान निवासी बाबा बुटा शाह बस्ती, टोहाना से शिकायत दी थी।

### बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूक

**सिरसा।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से ग्राम मीरपुर में शुक्रवार को ग्रामीणों को बाल विवाह के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर मंजू, स्कूल स्टाफ और सुपरवाइजर सुष्मिता मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर मंजू ने बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह एक अपराध है। ऐसा करने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। स्कूल स्टाफ और सुपरवाइजर सुष्मिता ने बच्चों को शिक्षा के महत्व और बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान, नुक्कड़ नाटक का मंचन किया किया।

### अमन बने ग्राम सचिव वेलफेयर एसो. के प्रधान

**फतेहाबाद।** ग्राम सचिव वेलफेयर एसोसिएशन, जिला फतेहाबाद की बैठक शुक्रवार को खंड कार्यालय में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुंडू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिले के सभी खंडों से आए ग्राम सचिवों ने भाग लिया और संगठन को सक्रिय एवं सुदृढ़ बनाने को लेकर चर्चा की। बैठक के दौरान सभी खंडों के प्रतिनिधियों ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के साथ-साथ जिला स्तरीय कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से किया। इसमें अमन भिरडाना को जिलाध्यक्ष, दिनेश शर्मा व अमित कुमार सिंगला को उपाध्यक्ष, विजेन्द्र डूडी को महासचिव, कृष्ण कुमार टोहाना को सचिव व प्रवक्ता, विक्रम सिवाच को सह सचिव तथा राजेश खिचड़ को कोषाध्यक्ष चुना गया।

### लंबित मांगों को लेकर कर्मियों ने किया प्रदर्शन

**सिरसा।** डबवाली में क्रीड और पीपीपी विभाग के फील्ड स्टाफ अपनी लंबित मांगों और सुरक्षा संबंधी मुद्दों को लेकर आगामी 8 दिसंबर को चंडीगढ़ मुख्यालय में सामूहिक रूप से एकत्र होंगे। यह निर्णय हाल ही में ड्यूटी के दौरान दो फील्ड कर्मचारियों की सडक़ दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु के बाद लिया गया है। कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश के लिए एडीसी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि बीते बुधवार को क्रीड विभाग के दो फील्ड कर्मचारियों का ड्यूटी के दौरान सडक़ दुर्घटना में निधन हो गया।

### विश्व मृदा दिवस पर किया पौधरोपण

**सिरसा।** नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार को विश्व मृदा दिवस पर ब्लॉक शिक्षण अभ्यास के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में पौधारोपण किया गया। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने इस गतिविधि का उद्देश्य प्रशिक्षणरत शिक्षकों तथा स्कूल विद्यार्थियों में मृदा संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा तथा हरित परिसर के महत्व को जागरूकता के माध्यम से मजबूत करना बताया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद बराला का जन्मदिन मनाया

# सेवा, संस्कार और जनसेवा की, कई जगह हवन कर गायों को चारा खिलाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना**

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के जन्मदिवस पर आज टोहाना में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा, संस्कार और जनकल्याण को समर्पित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। दिनभर चले इन कार्यक्रमों ने समाजसेवा, संगठन-समर्पण और सकारात्मक सामाजिक मूल्यों की मिसाल पेश की। कार्यक्रम की शुरुआत कैंची चौक स्थित श्री बाला जी मंदिर में विधिवत हवन-यज्ञ से हुई। वेदमंत्रों की पवित्र ध्वनि के बीच कार्यकर्ताओं ने सांसद सुभाष बराला के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की सामूहिक प्रार्थना की। इसके उपरांत सभी कार्यकर्ता नंदिशाला, टोहाना पहुंचे, जहां उन्होंने गौसेवा करते हुए गौमाता को चारा डालकर सेवा-धर्म का निर्वाह किया। मंडल अध्यक्ष रमन मडिय़ा, जयदीप बराला सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि सांसद सुभाष बराला का सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन जनसेवा, संगठन की मजबूती, सामाजिक उत्थान और राष्ट्रहित के कार्यों को समर्पित रहा है। उनका सरल, सहज, विनम्र और संवेदनशील नेतृत्व कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत रहा है, जो हम सभी में नई ऊर्जा, उत्साह और सकारात्मक कार्यशक्ति का संचार करता है।कार्यकर्ताओं ने कहा कि सांसद बराला ने हर स्तर के कार्यकर्ता को सम्मान, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देकर संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी जनसुविधाओं, विकास कार्यों और समाज के हर वर्ग तक पहुंचने की शैली उन्हें एक जननेता के रूप में विशिष्ट बनाती है। कार्यकर्ताओं ने उनके स्वस्थ, दीर्घ और सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर जयदीप बराला, मंडल अध्यक्ष रमन मडिय़ा, कृष्ण नैन, दीपक बांसल, जीवन बांसल, संदीप शर्मा, मनीष शर्मा, जगमेल कटारिया, धर्मपाल सैनी, दलजीत नैन, सुरेंद्र नांगली, बलवंत गिल, महिला मोर्चा की पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**टोहाना।** सांसद सुभाष बराला के जन्मदिन पर हवन यज्ञ करते भाजपा कार्यकर्ता।



**फतेहाबाद।** सांसद सुभाष बराला के जन्मदिन पर केक काटते भाजपा नेता।

### फतेहाबाद में भाजपा ने धूमधाम से मनाया सांसद बराला का जन्मदिन

**फतेहाबाद।** राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला का जन्मदिन आज भूना रोड स्थित भाजपा जिला कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भीम लाम्बा व जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने केक काटकर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और मंगलमय जीवन की कामना की। भाजपा नेता भीम लाम्बा व जगदीश शर्मा ने कहा कि सुभाष बराला के नेतृत्व में संगठन ने प्रदेश में नई ऊंचाईयों को छुआ है। सांसद सुभाष बराला का सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन जनसेवा, संगठन की मजबूती, सामाजिक उत्थान और राष्ट्रहित के कार्यों को समर्पित रहा है। सुभाष बराला के प्रयासों की बदौलत फतेहाबाद जिले ने विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रम शर्मा, मनजीत शर्मा, जगदीप मोंगा, गुलशन छाबड़ा, राजेन्द्र भाटिया, भूप सिघड़, सुभाष चन्दौरा, रमेश जोइया, शुभम वाल्मीकि, संजय सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



फतेहाबाद। गांव मताना में कृषि अधिकारियों का स्वागत करते सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट।

## स्वस्थ मिट्टी मानव स्वास्थ्य और प्रकृति के लिए जरूरी

- विश्व मृदा दिवस पर मताना में किसान संगोष्ठी का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज. ▶▶ फतेहाबाद**

विश्व मृदा दिवस के अवसर पर गांव मताना में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सरपंच एडवोकेट दलबीर वर्मा मताना की अध्यक्षता में लगाए गए इस संगोष्ठी में काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया। संगोष्ठी में मुख्यअतिथि के तौर पर कृषि विभाग फतेहाबाद से एसडीएओ डॉ. सुभाष लोहान ने भाग लिया। इसके अलावा विभाग के अन्य अधिकारी डॉ. विजेन्द्र सिंहमार, मृदा जांच अधिकारी फतेहाबाद, इंजीनियर नीरज नागर एडीओ फार्म इम्पलीमेंटस, दीपक कुमार एडीओ कृषि विभाग फतेहाबाद व सॉयल टेस्टिंग लैब से डॉ. रजनीश इंदौरा एएसटीओ भी मौजूद रहे। सरपंच दलबीर वर्मा मताना ने आए हुए अधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। किसानों को संबोधित करते डॉ. सुभाष लोहान ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी मानव स्वास्थ्य, प्रकृति और पर्यावरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल हमारे भोजन की गुणवत्ता निर्धारित करती है, बल्कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाती है। इसलिए किसानों से अपील है कि वे अपने खेतों की मिट्टी का स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए नियमित रूप से मृदा परीक्षण अवश्य कराएं। मृदा परीक्षण से किसान यह जान सकते हैं कि उनके खेतों में कौन से पोषक तत्वों की कमी है, जिससे अंधाधुंध उर्वरकों के प्रयोग से बचा जा सकता है। सरपंच दलबीर वर्मा ने भी किसानों से संतुलित खाद एवं उर्वरक उपयोग करने का आह्वान किया।

## न्यूजीलैंड में वालीबॉल में जीतकर लौटे पनिहारी खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों से स्वागत

- ग्रामीणों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को जमकर सराहा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा**

न्यूजीलैंड के रोजहिल कॉलेज आकलेंड में आयोजित शूटिंग वालीबाल के प्रथम विश्व कप में टीम का हिस्सा बने गांव पनिहारी के दो खिलाडिय़ों का ग्रामीणों की ओर से गांव में पहुंचने पर ढोल नगाड़ों व पटाखों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। गांव पनिहारी निवासी राकेश शालु इस टीम के कप्तान थे, वहीं जसबीर सिंह उर्फ फौजी टीम सदस्य रहे। वहीं इस टीम में पांच खिलाड़ी पंजाब से रछपाल डीसी, तरलोक काला, परविंदर चीमा, पीता संधू और शरण गिल टीम का हिस्सा बने। कप्तान राकेश शालु ने बताया कि इस विश्व कप में इंडिया, न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका की टीमों ने भाग लिया। इंडिया टीम को रम्मी गिल न्यूज़ीलैंड (परदेसी फोर्स क्लब) द्वारा स्पोंसर किया गया था। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच इंडिया व न्यूज़ीलैंड के बीच खेला गया, जोकि बेहद रोमांचक था। अंततः टीम इंडिया ने 21-14 के अंतर से जीत हासिल कर विजयी बनने का गौरव हासिल किया। टीम के कप्तान राकेश शालु को इस विश्वकप में शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया।

टीम ने बढिय़ा प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया और लगभग 1 महीने के न्यूजीलैंड दौरे के बाद शुक्रवार को भारत की धरती पर लौटे इन दोनों प्लेयरों का पनिहारी गांववासियों द्वारा जोर-जोर से स्वागत किया गया। इस मौके पर जसवंत भोला अध्यक्ष ब्लॉक समिति सिरसा, रेशम लाल सरपंच प्रतिनिधि, रामचंद्र पूर्व सरपंच, रामचंद्र बामनिया पूर्व सरपंच, मनजिंदर सिंह बब्बू पूर्व सरपंच, गोपीचंद भट्टी, शुभदीप सिंह प्रधान, ग्राम पंचायत के पंच व गांव के अन्य मौजिज व्यक्ति उपस्थित रहे।



**सिरसा।** खिलाडिय़ों का स्वागत करते ग्रामीण।

## 'नी में नाचना श्याम दे नाल आज मेनू नच लैन दे' भजनों पर नाचे भक्तजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**

सर्व श्री वैष्णो भजन मंडल फतेहाबाद द्वारा 51 शक्ति पीठों को निमित 51 दिन महामाई का गुणगान किया जा रहा है। इसको लेकर मां ज्वाला जी से पवित्र ज्योति फतेहाबाद लाई गई है। 51 दिन, 51 चौकी, 51 घरों में मां का गुणगान के 18वें दिन माँ की पावन ज्योति चोपड़ा निवास पर पहुंची। अंजलि कॉलोनी स्थित चोपड़ा निवास पर माँ की महिमा का गुणगान किया गया। चोपड़ा परिवार ने माँ की ज्योति प्रचंड करके उसके बाद दीप प्रज्वलित किया। राजकुमार शर्मा ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने मां के चरणों मे प्रणाम किया और भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भारत टुटेजा ने 'माता रानी फल देगी आज नहीं तो कल देगी, नीं में नाचना श्याम दे नाल अज मेनू नाच लैन दे, तेरी कृपा ही मेरा सब कुछ है मेरे सतगुरु प्यारे' सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। मंजु चोपड़ा ने भारत टुटेजा का फूल माला से स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। उसके बाद भाजनाचार्य ईश मेहता ने मां के सुंदर भजनों से मां की महिमा का वर्णन किया। उसके बाद चोपड़ा परिवार ने ईश मेहता का स्वागत किया और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। उसके बाद माँ की पावन आरती की गई और लंगर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मंजू चोपड़ा, अमन, अनिल, दीपक, करण, राजेश, लविश, ममता मेहता, ममता शर्मा और अन्य मौजूद थे।



**फतेहाबाद।** भजन गायक ईश मेहता को सम्मानित करते श्रद्धालु।

### भारतीय भाषा परिवार सम्मेलन संपन्न



सिरसा। : सीडीएलयू में कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों को सम्मानित करते हुए।

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के मानविकी संकाय द्वारा आयोजित दो दिवसीय भारतीय भाषा परिवार सम्मेलन शुक्रवार को संपन्न हो गया। भारतीय भाषाओं की एकता, संरचना और सांस्कृतिक समृद्धि पर केंद्रित यह दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी भारतीय भाषा समिति, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित थी। समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार, कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार, मानविकी संकाय के डीन प्रो. पंकज शर्मा, संयोजक प्रोफेसर अनु शुक्ला, सहसंयोजक प्रोफेसर उमेद सिंह, विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। संगोष्ठी के दौरान भारतीय भाषाओं की उत्पत्ति, उनके पारिवारिक स्वरूप, भाषाई एकता, अनुवाद, बोली विविधता और संस्कृति से जुड़े अनेक विषयों पर सारगर्भित प्रस्तुतियां दी गईं। समापन सत्र के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी.आर. अंबेडकर स्टडी सेंटर, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह ने कहा कि भारतीय भाषाएं केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समूचे भारत को जोडऩे वाली सांस्कृतिक कड़ी हैं। भाषाएं परिवारों को एक सूत्र में पिरोती है और पीढिय़ों को परंपरा से जोडऩे का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि भारत में जब एक बच्चा जन्म लेता है, तो उसके मस्तिष्क में भारतीय भाषा सीखने की स्वाभाविक रूपरेखा पहले से मौजूद होती है।

## रूपावास स्कूल ने लीगल लिट्रेसी प्रतियोगिता में लहराया परचम

- 10 में से 7 प्रतियोगिताओं में खंड स्तर पर रहा प्रथम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा**

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपावास के विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 के लिए खंड स्तर पर आयोजित लीगल लीट्रेसी प्रतियोगिता में 10 विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में से 7 प्रतिस्पर्धाओं में स्थान हासिल करके खंड में प्रथम स्थान पर रहा है। विद्यालय के प्रवक्ता डॉ. कृष्ण ढाका ने बताया कि खंड स्तर की लीगल लीट्रेसी प्रतियोगिता में प्रेरणा ने भाषण, मीनाक्षी व ट्विंकल ने वाद-विवाद, दीक्षा ने पॉवर पॉइंट, नीतू ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म मेकिंग और स्वाती ने निबंध लेखन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्वेता ने पेंटिंग और रितिका, खुशी और मुस्कान ने क्विज में तीसरा स्थान हासिल किया है। विद्यालय प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी और जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। स्कूल स्तर पर लीगल लीट्रेसी के इंचार्ज संतलाल वर्मा और योगेश कुमार, अमित बंसल का इसमें विशेष योगदान रहा।



**सिरसा।** प्रतियोगिता की विजेता टीम को सम्मानित करते हुए।

### राइस मिल मालिक से 83 लाख से ज्यादा ठगी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** राइस मिल मालिक से लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में जाखल पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला की पहचान मनीषा गोयल उर्फ मन्नू पत्नी साहिल गर्ग निवासी सेक्टर-4, करनाल के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश ने बताया कि इस बारे अमर जिंदल, प्रोपराइटर लक्ष्मी राइस मिल, जाखल ने शिकायत दी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी परिवार तेजपाल गर्ग, साहिल गर्ग, अंकित गर्ग, अंकुर गर्ग, मीनू व मनीषा ने बासमती चावल की 1499.70 क्विंटल मात्रा जिसकी कीमत 83 लाख 67 हजार 727 रुपये थी, खरीदकर भुगतान नहीं किया और फरार हो गए। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने दुबई निवासी मो. शेख अब्दुल खान का नाम लेकर निर्यात का झांसा दिया। चार ट्रकों में चावल भेजा गया और बिल्टी, बिल व कांटा-पर्ची उपलब्ध कराई गई, जिससे शिकायतकर्ता को विश्वास हो गया। भुगतान मांगने पर बहाने बनाए गए और बाद में धमकियां दी गईं। आरोप है कि गिरोह पहले भी कई मिल मालिकों को इसी तरह चूना लगा चुका है। मामले में थाना जाखल में 3 दिसम्बर को धारा 316(2), 318(4), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।



## ढाणी भोजराज में शहीद महेंद्र सिंह झाझड़ा के स्मारक का अनावरण

**फतेहाबाद।** देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों की गाथाएं कभी पुरानी नहीं होतीं। इसी कड़ी में आज जिले के गांव ढाणी भोजराज में शहीद हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह झाझड़ा के शहीदी स्मारक का अनावरण किया गया। यह आयोजन उनकी शहादत की 24वीं बरसी के अवसर पर आयोजित किया गया। स्मारक का अनावरण जिला परिषद की चेयरमैन सुमन सुभाष खिचड़ ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पार्षद रामनिवास झाझड़ा ने की।चेयरमैन सुमन सुभाष खिचड़ ने सैनिकों को 'राष्ट्र की दीवार' बताते हुए कहा कि आज हम यहां ढाणी भोजराज के उस वीर सपूत को नमन करने आए हैं, जिसने देश की रक्षा के लिए 24 साल पहले अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।



### सैनिक राष्ट्र के सेवक

उन्होंने कहा कि हमारे सैनिक ही इस राष्ट्र की असल दीवार हैं। वे सीमाओं पर खड़े होकर हर मौसम में देश की हिफाजत करते हैं, इसीलिए हम अपने घरों में चैन की नींद सो पाते हैं। उन्होंने कहा, शहीद महेंद्र सिंह की शहादत हमें याद दिलाती है कि हमारी आजादी मुफ्त नहीं मिली है, बल्कि अनगिनत बलिदानों का परिणाम है।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर प्रशासनिक अधिकारियों को लगाए फ्लैग, निधि में दिया योगदान

# वीर सैनिकों की बहादुरी और बलिदान के कारण ही आज देश की सीमाएं सुरक्षित : डॉ. भारती

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद**

सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया सहित अन्य अधिकारियों को जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग की ओर से फ्लैग लगाए गए और उन्हें सशस्त्र सेना झंडा दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर अधिकारियों ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में योगदान स्वरूप राशि भी दी।उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि हमारे वीर सैनिकों की बहादुरी हमें प्रेरित करती है, उनका बलिदान हमें विनम्र बनाता है और उनका समर्पण हमें सुरक्षित रखता है। इस दिन थलसेना, नौसेना और वायुसेना के जवानों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को याद किया जाता है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। उन्होंने कहा कि आज का दिन आर्मी के जवानों, उनकी विधवाओं और बच्चों की सहायता के लिए फंड एकत्र करने के लिए समर्पित है। युद्ध में घायल सैनिकों, उनकी विधवाओं और परिवारजन की भलाई के लिए इस फंड का उपयोग किया जाता है। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से भी सशस्त्र बलों के बलिदानी एवं सेवारत कर्मियों के कल्याण हेतु सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि में योगदान देने की अपील की। जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग की कल्याण अधिकारी विंग कमांडर सुजाता ने बताया कि हमारे साहसी सैनिकों की वीरता, राष्ट्र रक्षा के दृढ़ संकल्प और सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए प्रति वर्ष 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिवस 5 दिसंबर को मनाया गया। यह दिन देश के नागरिकों और सशस्त्र बलों के बीच संबंधों को मजबूत बनाने पर बल दिया।



**फतेहाबाद।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर प्रशासनिक अधिकारियों को फ्लैग लगाते हुए जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण विभाग के अधिकारी।